# RTI in Action

Obtaining Information for Reforming the Processes

No. 1. 2010


## An Exposure Visit to "God's Own Land"

A 10-member delegation visited Kozhikode and Wynadu districts of Kerala under the 'Reforming the Processes in the Rural Development Department through Policy and Civic Engagement, based on RTI Act, 2005 in Rajasthan, India' (RePoRDD) project during November 13-18, 2009. The project has been implemented by CUTS with the support of the Partnership for Transparency Fund, US. The delegates included *Sarpanch* and *Gram Sachiv*, Mundia and Harsulia *Gram Panchayats* (GPs) and Sub-divisional Officer, Niwai, Tonk. Two NGO partners from SAJAG and NEH *Sansthan* and three staff members from CUTS were part of the delegation.



On day one, delegates visited Puthuppady GP and interacted with local people by asking them questions regarding their role and participation in the service delivery system of local GP and the quality of service delivery.

On the second day, the delegation met with P M Babu, Additional District Magistrate; VV Ramachandran, Chief Executive Officer; and other staff members of the District *Panchayat* at the Collectorate office to discuss and know their views about the functioning of GPs. Two GPs were visited: Karassery and Puthuppady. The delegation interacted with the president and members of the *gram panchayats*, observed the infrastructure facilities, tax/revenue collection pattern and single window system for service delivery.

The visit aimed at studying the established system at the *Gram Panchayat* level specifically the application of Right to Information (RTI) at various levels, people's planning process, e-governance, economic viability of *gram panchayats* and other best practices, with an intention to replicate it in Rajasthan.

### Outcome

- Positive change in the attitude of delegates towards reforming the corrupt service delivery processes and advocating for quality services in their work area, i.e. by introducing new initiatives for changing the corrupt system; and
- Sharing the experiences with their fellow workers who will work in accordance.

### Reflections



*"Rajasthan is 100 years behind Kerala in terms of service delivery system in Rural Development and Panchayati Raj Department. In Rajasthan, even at the district level,the working efficiency of staff and the infrastructure facilities are not par with Kerala. I never thought that such a wonderful government system exists in India".*

Kailash Naraian Meena
Sub Divisional Officer, Niwai, Tonk



*"There seems to be no person sitting idle in Kozhikode and they want to be known as 'Above Poverty Line' families whereas in Rajasthan people can be seen passing their time at tea kiosks and forcing themselves in the BPL list and having a BPL ration card. In Kerala people are not willing to work under National Rural Employment Guarantee Scheme (NREGS), but then why many Keralite women are working in Rajasthan on a meagre salary of Rs 3,500 per month?"*

Ram Gopal Meena
*Sarpanch, Gram Panchayat*
Mundia, Niwai, Tonk



*"Firstly, I express my sincere thanks to CUTS and then to God for providing such a wonderful opportunity of visiting Kozhikode, Kerala otherwise it rarely happens in a government sector that a Gram Sachiv level employee gets such an opportunity".*

Surajbhan Giri
*Gram Sachiv*, Harsulia, Phagi, Jaipur

IN THIS ISSUE


Block Level RTI Chaupals .................................. 2
Peer Review-cum-Learning Visit ....................... 2
RTI Application Shook up the Administration ...... 3
CART in Media .................................................. 4

**It's a structural flaw of any totalitarian regime that the more you prohibit things the more valuable they become - it's a market thing. If information is rationed and filtered, it becomes very valuable. One single word becomes a weapon, because you are not supposed to say it.** – *Vladimir Bukovsky*

# Block Level RTI Chaupals




CUTS CART in partnership with the PTF, under the RePoRDD project conducted 17 Block Level RTI *Chaupals* (BLCs) in Jaipur and Tonk districts of Rajasthan during December 2009-January 2010. During these half-day meetings, stakeholder participants were made familiar with *'RTI Ground Realities and Corruption Vulnerability Analysis Survey'* findings about prevailing corruption in processes of National Rural Employment Guarantee Scheme (NREGS), *Swarna Jayanti Swarojgar Yojana* (SGSY) and *Indira Aavas Yojana* (IAY) implemented by the *Panchayati Raj* and Rural Development Department in their locality. The survey was based upon a structured questionnaire designed to assemble general perceptions/opinions of the common citizens and service providers about various forms of corruption, corruption experiences of beneficiaries of select schemes, level of RTI Act awareness and its utilisation process and things related to other objectives.

The meetings were divided into three sessions. Session one was related to disseminating survey findings and getting critical views/comments of the participants on these findings. Second session was regarding experiences of the participants related to corruption in select schemes, which were discussed in detail.

Third and last session was related to formulating strategies to reform these corrupt processes through civic and policy engagement. All participants were oriented towards project goal to move against the corruption in an organised and strategic manner along with Consortium of Groups for Combating Corruption (CGCCs), network civil society organisations (CSOs) and CUTS CART.

About 100 participants, including *Gram Sachiv*, *Sarpanch*, non-governmental organisation (NGO) representatives, women Self Help Group (SHG) members, CGCC members, Block Education Officer, Assistant Child Development Programme Officer and several others attended the meetings.

## Expected Outcome

- Reduced incidence of bribery/corruption experience by the project area citizens for service delivery under the targeted schemes of the *Panchayati Raj* and Rural Development Department.
- Transparency and accountability in the target schemes increased through increased use of the RTI Act.
- Citizens in the project area able to obtain corruption free services through empowered network of the CGCCs, CSOs & other interested citizens that do advocacy at multiple levels and play the role of 'watchdog'.

## Visit

A delegation from South Asian countries facilitated by Commonwealth Human Rights Initiative (CHRI) visited CUTS office on November 07, 2009, to know about CUTS work on 'Access to Information' and had detailed discussion on RTI Act in India with CUTS staff. The group visited *Mundia Gram Panchayat* to view its functioning.

## Peer Review-cum-Learning Visit



Madhu Sudan Sharma and Dharmendra Chaturvedi visited Rural Litigation and Entitlement Kendra (RLEK), Dehradoon on January 27-28, 2010 and joined Sharaad Sharma (PAC) and Nachiketa Mittal (RLEK) as part of peer review cum learning visit organised by PAC to assess the progress of the project 'Transparency in the National Rural Employment Schemes in Uttarakhand Phase I' being implemented by RLEK with the support of PTF. The team visited Jaipur CUTS office/field areas on January 29-30, 2010 to review the progress of the RePoRDD project.

On the first day the team visited CART office and met with George Cheriyan and other staff members and had detailed discussions with the RePoRDD team. On the second day the team visited Harsulia *Gram Panchayat* and met with local community members, RTI applicants, CGCC members and shared their experiences of exposure visit.

# आर.टी.आई. ब्लॉक चौपाल

## 1. पृष्ठभूमि

परियोजनान्तर्गत अब तक टोंक के सभी छः व जयपुर के आठ ब्लॉकों में कुल 14 ब्लॉक चौपालों का आयोजन किया जा चुका है। इस आधे दिन की मीटिंग का मुख्य उद्देश्य परियोजना के स्टेकहोल्डर्स व प्रतिभागियों को 'आर.टी.आई. ग्राउण्ड रियलिटीज सर्वे' से प्राप्त तथ्यों जो कि ग्रामीण विकास विभाग के अधीन संचालित 'नरेगा', 'इन्दिरा आवास' व 'एस.जी.एस.वाई' योजनाओं से सम्बन्धित निर्णय व सेवा प्रक्रियाओं में लाभार्थियों को आ रही समस्याओं, भ्रष्टाचार व घूंस के मामलों में सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी उपयोग से अंकुश लगाने व इन प्रक्रियाओं में सुधार करने से सम्बन्धित है, को बांटने हेतु आयोजित की गई थी। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्राप्त तथ्यों पर अपने आलोचनात्मक विचार भी व्यक्त किए।

चौपाल को मुख्य रूप से तीन सत्रों में बांटा गया था। प्रथम सत्र में सर्वे प्राप्तियों को प्रतिभागियों के बीच प्रस्तुत कर उनके विचार जाने तथा द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों ने इन चयनित योजनाओं में उनके साथ हुए भ्रष्टाचार, घूंस मांगने की घटनाओं व अन्य तरीकों से हुई अनियमितताओं तथा इस हेतु उनके 'सूचना का अधिकार' अधिनियम के तहत आवेदनों से बिना पैसे/घूंस दिये अपना काम निकलवाने के अनुभवों को बांटा जिसे कि अन्य प्रतिभागियों ने काफी रूचिपूर्वक सुना व अपना ज्ञानवर्धन किया। कुछ प्रतिभागियों ने तो इन सच्ची घटनाओं को लगभग अविश्वसनीय सा बताया व 'सूचना का अधिकार' के प्रभावी तरीके के इस्तेमाल व बिना भ्रष्टाचार से काम होने को आम आदमी को ताकतवर बनाने की शुरूआत बताया।




अंतिम सत्र में चयनित योजनाओं में भ्रष्टाचार से छुटकारे व अन्य तौर-तरीकों में सुधार हेतु सूचना का अधिकार और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल करने व पूर्व के आवेदकों को आ रही समस्याओं हेतु सुझाव प्रदान किये गये। इस चौपाल में सी.जी.सी.सी. सदस्यों को सभी से परिचित कराया गया तथा इनके द्वारा आम लोगों को हर संभव मदद दिलवाने, सम्बल प्रदान करने व आवेदन आदि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया।

## 2. प्रतिभागिता

सभी चौपाल बैठकों में औसतन लगभग 700 लोगों ने भाग लिया जिसमें 70 के लगभग ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, नरेगा के सरकारी अधिकारी व कर्मचारी थे। शेष सरपंच, एन.जी.ओ. प्रतिनिधि व सी.जी.सी.सी. सदस्य थे।

## 3. कार्यवाही विवरण

3.1 'कट्स' सहायक परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनसे अनुरोध किया कि वो अपने कार्यानुभव व्यक्त करें व अन्य लोगों को ध्यान से इनके अनुभवों को सुनकर आगामी भविष्य में इसे अपनाने, जिससे कि भ्रष्टाचार मुक्त सेवा व निर्णय प्रक्रियाओं को सुनिश्चित किया जा सके। परियोजना अधिकारी मधुसूदन शर्मा ने सर्वे प्रस्तुतिकरण व मीटिंग का संचालन किया।

3.2 प्रतिभागियों के विचार

- 'सूचना का अधिकार अधिनियम', 2005 के तहत आवेदन प्रक्रियाओं, आने वाली बाधाओं, प्रभावी इस्तेमाल व प्राप्त सूचनाओं का उपयोग सीखा।
- प्रतिभागियों द्वारा भ्रष्टाचार से सम्बन्धित अनुभवों व इसमें 'सूचना का अधिकार' अधिनियम की प्रभावी भूमिका के बारे में जाना।
- नये प्रतिभागियों में आर.टी.आई. अधिनियम के बारे में जानकारी का स्तर बढ़ा।
- लोक सूचना अधिकारियों व आर.टी.आई. आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर विचार विमर्श किया।

### चौपाल की उपलब्धियां

- सर्वे के तथ्यों के बारे में आलोचनात्मक विचार प्राप्त हुए।
- प्रतिभागियों की 'सूचना का अधिकार' के बारे में संवेदनशीलता में वृद्धि हुई।
- 'सूचना का अधिकार' की शक्ति का प्रतिभागियों ने अहसास किया।
- अधिनियम के उपयोग से भ्रष्ट निर्णय व सेवा प्रक्रियाओं में सुधार के बारे में जाना गया।
- लोक सूचना अधिकारियों ने अधिनियम के बारे में विस्तार से जाना जिससे कि उनकी जवाबदेहिता की क्षमता बढ़ी।
- मुख्य समाचार पत्रों में मीडिया कवरेज से परियोजना के उद्देश्यों व सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी उपयोग व भ्रष्टाचार पर अंकुश का संदेश हमारे हजारों पाठकों के बीच पहुंचा।

## आवेदन क्या किया, प्रशासन हिल गया

**आवेदन का विषय:** चन्दालाल के गांव में एम.पी.एल.ए.डी. योजनान्तर्गत पास हुए सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य रूके होने के कारण के बारे में सूचना मांगने बाबत।

**आवेदन के फलस्वरूप की गई कार्यवाही व परिणाम:** चन्दालाल बैरवा एक साधारण इंसान, उम्र 45 साल, मैट्रिक तक शिक्षित, निवासी मोहनपुरा पृथ्वीसिंह, जो कि हरसूलिया ग्राम पंचायत के अधीन है, ने 'सूचना का अधिकार' के तहत संध्याकालीन सभा में भाग लिया था। उन्होंने इस कानून से प्रभावित होकर इसे उपयोग में लाने की ठानी एवं अपने गांव में 2008 से स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू नहीं होने के कारणों की पड़ताल करने हेतु 15 सितम्बर, 2009 को विकास अधिकारी, फागी के यहां आवेदन लगाया। 17 सितम्बर, 2009 को बी.डी.ओ. के निर्देश पर पंचायत समिति के कनिष्ठ अभियंता ग्राम के दौरे पर आये तथा 19 सितम्बर, 2009 को ग्राम सचिव हरसूलिया व्यक्तिगत रूप से चन्दालाल से मिलने उसके गांव गए एवं कहा कि बी.डी.ओ. साहब ने उसे यह कहकर भेजा है कि उनकी मांगी गई सूचना तैयार है, साथ चलकर वो सूचना पंचायत समिति से प्राप्त कर लें। अत: चन्दालाल ग्राम सचिव के साथ सीधे बी.डी.ओ. कार्यालय, फागी गये व बी.डी.ओ. से मिलें। बी.डी.ओ. से मिलने पर चन्दालाल के साथ जो हुआ वह आश्चर्यजनक व 'सूचना का अधिकार' की ताकत को दर्शाता है। बी.डी.ओ. चन्दालाल से आवेदन वापस लेने की गुहार लगाने लगे एवं कहा कि बहुत जल्द इस काम को चालू करवा दिया जाएगा। मगर चन्दालाल ने आवेदन वापस लेने से मना कर दिया तथा मांगी गई सूचना प्राप्त करने पर अड़ गया।

जैसा कि चन्दालाल ने स्वयं ने बताया, आवेदन लगाने के तुरंत बाद मामले की त्वरित सुनवाई हुई, कार्य का एस्टीमेट बनवाया गया, मस्ट्रोल जारी की गई एवं कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किये गये। चन्दालाल व समुदाय के लोगों में खुशी व आश्चर्य है कि इस तीव्र गति से कार्यवाही हुई। अब सभी लोगों में खोया हुआ आत्मविश्वास जागा है व चन्दालाल स्वयं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रचार प्रसार में लगे हैं एवं स्थानीय सी.जी.सी.सी. सदस्य आत्माराम व डिम्पल उन्हें पूर्ण मदद करते हैं। चन्दालाल ने परियोजना गतिविधियों से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है व स्वैच्छिक रूप से कार्य करने का निश्चय किया है।

**निष्कर्ष:** अगर चन्दालाल जैसा आम आदमी सूचना के अधिकार को उपयोग में ला सकता है, प्रशासन पर लगाम लगा सकता है व उन्हें कार्यवाही हेतु मजबूर कर सकता है तो अन्य लोग क्यों नही? आप भी जागरूक होकर इसका इस्तेमाल करें व प्रशासन में 'पारदर्शिता व जवाबदेहिता' लाएं।





**CUTS Centre for Consumer Action, Research & Training (CART)**

D-222, Bhaskar Marg, Bani Park, Jaipur 302 016, India, Ph: 91.141.513 3259, 228 2821, Fax: 91.141.228 2039, 228 2485

Email: cart@cuts.org, Website: www.cuts-international.org

CUTS CART

***In Partnership With:*** **Partnership for Transparency Fund (PTF), Washington DC**